रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 22 अगस्त 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO 10 : MIDDLE

भरतनाट्यम से पावन हुआ रिद्धिमा का मंच

बरेली | कार्यालय संवाददाता

एसआरएमएस रिद्धिमा में शनिवार को विश्व विख्यात नृत्यांगना कनका सुधाकर और उनकी बेटी अपराजिता सुधाकर ने भरतनाट्यम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत रिद्धिमा गुरु अम्बाली प्रहराज ने गोवर्धन गिरिधारी तुम बिन मेरी कौन खबर ले भजन पर भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत कर की गई। इसके बाद अपराजिता सुधाकर ने पहली प्रस्तुति गणपति जी को समर्पित की। अपराजिता सुधाकर ने सावन की पहली बारिश में मोर की खुशी को भरतनाट्यम नृत्य से प्रस्तुत किया।

इसके बाद कनका सुधाकर ने पदम इन राग कपि पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में मां सरस्वती को समर्पित तिल्लाना नृत्य अपराजिता सुधाकर ने प्रस्तुत कर सभागार में मौजूद लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने भरतनाट्यम नृत्यांगना कनका सुधाकर और अपराजिता सुधाकर को सम्मानित किया। इस दौरान आशामूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति मौजूद रहे।